# मीरा बहन और बाघ

1. मीरा बहन का जन्म कहाँ हुआ था? और वह भारत क्यों आई?

उत्तर- मीरा बहन का जन्म इंग्लैंड में हुआ था। गांधी जी के विचारों का उन पर इतना असर हुआ कि वह भारत आ गई।

2. मीरा बहन ने किस आश्रम की स्थापना की?

उत्तर- मीरा बहन ने उत्तर प्रदेश के पहाड़ी गाँव, गेंवली में गोपाल आश्रम की स्थापना की।

3. गोपाल आश्रम में मीरा बहन का ज्यादातर समय कैसे बीतता था?

उत्तर- गोपाल आश्रम में मीरा बहन का ज्यादातर समय पालतू पशुओं की देखभाल में बीतता था।

4. पहाड़ी गाँवों में अक्सर ~~किस~~ का डर बना रहता है?

उत्तर- पहाड़ी गाँवों में अक्सर बाघ का डर बना रहता है।

5. जंगल कटने पर क्या होता है?

उत्तर- जंगल कटने पर शिकार की तलाश में बाघ कभी-कभी गाँव तक पहुँच जाता है।

6. लोगों ने अपनी चिंता किसे बताई?
उत्तर- लोगों ने अपनी चिंता मीरा बहन को बताई।

7. गाँव के लोगों ने अंत में क्या तय किया?
उत्तर- गाँव के लोगों ने अंत में यह तय किया कि बाघ को कैद कर लिया जाए।

8. बाघ को कैद करने के लिए किस प्रकार का पिंजड़ा बनाया गया?
उत्तर- बाघ को कैद करने के लिए पिंजड़े को कुछ इस तरह से बनाया गया कि पिंजड़े के अंदर एक बकरी बांध दी गई। जब भी बाघ बकरी को खाने के लिए पिंजड़े के अंदर जाएगा तभी अपने आप पिंजड़े का दरवाजा गिर जाएगा और बाघ कैद हो जाएगा।

9. सुबह उठकर पिंजड़े के पास जाकर लोग चकित क्यों हो गए?
उत्तर- सुबह उठकर जब लोगों ने देखा कि पिंजड़े का दरवाजा बंद होते हुए भी बाघ अंदर नहीं है तो लोग चकित हो गए।

10. पिंजड़े का दरवाजा किसने और क्यों बंद किया था?
उत्तर- पिंजड़े का दरवाजा मीरा बहन ने बंद किया था। क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि बाघ को धोखे से पिंजड़े में बंद किया जाए।

# सर्दी आई

**प्रश्नोत्तरी :-**

1. "सर्दी आई" कविता में किस मौसम के बारे में कहा गया है ?

उत्तर- "सर्दी आई" कविता में सर्दी के मौसम के बारे में कहा गया है।

2. ठंड के मौसम में तुम कौन-कौन सी वर्दी पहनते हो ?

उत्तर- ठंड के मौसम में हम स्वेटर, मफलर, जैकेट, टोपी, दस्ताने आदि वर्दी पहनते हैं।

3. "सर्दी आई" कविता में नाक और गाल सभी की कैसी हो गई है ?

उत्तर- "सर्दी आई" कविता में नाक लाल और गाल सभी की सुकड़ी हो गई है।

4. लोगों को सर्दी कहाँ-कहाँ महसूस हो रही है ?

उत्तर- लोगों को सर्दी धूप में दौड़ने पर एवं छाओं पर बैठने पर महसूस हो रहा है।

5. तुम ठंड से बचने के लिए क्या-क्या करोगे ?

उत्तर- हम ठंड से बचने के लिए निम्नलिखित चीजें करेंगे -

1. गरम कपड़े पहनेंगे।
2. आग सेंकेंगे।
3. चाय-कॉफी पियेंगे।
4. धूप में बैठेंगे।
5. कम्बल-रजाई का इस्तेमाल करेंगे।